# तेरा शुकर है बाबा | By Sardar Romi

तेरा ही दिया जीवन तुझपे ही लुटाना है
जो कुछ भी दिया तुमने उसका शुक्राना है

क्या लेकर आये थे क्या लेकर जायेंगे
राजा हो रंक सभी इक दिन मर जायेंगे
तेरी इस दुनिया में कुछ वक़्त बिताना है
जो कुछ भी दिया तुमने उसका शुक्राना है

ये वक़्त का पहिया है चलता ही जाता है
हम सब तेरे पुतले हैं हमें तू ही नचाता है
ये भाव भजन तुमसे मिलने का बहाना है
जो कुछ भी दिया तुमने उसका शुक्राना है

तन की सुंदरता पे इतना इतराते हैं
मन मैला है कितना ये देख ना पाते हैं
बनकर के राख प्रभु एक दिन उड़ जाना है
जो कुछ भी दिया तुमने उसका शुक्राना है

रोमी की अर्ज़ी पे तेरी मर्ज़ी हो जाए
तुझसे हो मिलन प्यारे तुझ में ही खो जाएँ
तुमसे दो बातों का मुझे वक़्त चुराना है
जो कुछ भी दिया तुमने उसका शुक्राना है
तेरा ही दिया जीवन ............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-sardar-romi/